रोहतक
बुधवार, 13 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 321
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 24.0
न्यून. 5.9

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 भारतीय महिला टीम इकलौते टेस्ट में इंग्लैंड को टक्कर देने तैयार







भाजपा ने फिर चौंकाया, भजनलाल शर्मा चुने गए विधायक दल के नेता

# राजस्थान में अब भजन राज

सांगानेर सीट से पहली बार विधायक चुने गए | दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा डिप्टी सीएम बनेंगे | बैठक में राजे ने शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा | भरतपुर जिले के रहने वाले हैं नए मुख्यमंत्री

भाषा ▶▶ जयपुर

राजस्थान में कई दिन से चल रही सियासी उथल पुथल पर मंगलवार को विराम लग गया। मुख्यमंत्री पद के लिए जारी सस्पेंस खत्म हो गया। विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुन लिया। इस तरह भाजपा ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बाद राजस्थान में लोगों को चौंका दिया। जयपुर की सांगानेर सीट से पहली बार विधायक चुने गए भजनलाल अब राजस्थान के नए मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, विधायक प्रेमचंद बैरवा और दीया कुमारी को उपमुख्यमंत्री नामित किया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे विधायक दल ने स्वीकार कर लिया। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से आने वाले आखिरी सीएम हरिदेव जोशी थे। शर्मा ने विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में राजस्थान का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।



### बैठक से पहले अंतिम पंक्ति में खड़े थे शर्मा

विधायक दल की बैठक से पहले एक ग्रुप फोटो खींची गई, जिसमें वह आखिरी पंक्ति में खड़े थे। बैठक में शामिल होने आए केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह ने मीडिया को बताया कि विधायक दीया कुमारी व प्रेम चंद बैरवा उपमुख्यमंत्री होंगे। वहीं वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष होंगे। भाजपा ने 199 सीटों पर हुए चुनाव में से 115 सीटों पर जीत दर्ज की है।

*विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भजन लाल शर्मा ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया।*

*सूत्रों का कहना है कि 15 दिसंबर को राजस्थान में नई सरकार शपथ ग्रहण कर सकती है।*

### कौन हैं भजन लाल शर्मा

▶▶ भजनलाल शर्मा आरएसएस यानी संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वह भरतपुर के रहने वाले हैं। फिलहाल वे प्रदेश महामंत्री थे। भजन लाल शर्मा संगठन में काम करने वाले शख्स के रूप में पहचान रखते हैं और ब्राह्मण समुदाय से आते हैं। लंबे समय से ये अटकलें थी कि नए सीएम को ब्राह्मण जाति से ही रखा जा सकता है। सांगानेर से भजन लाल शर्मा को भाजपा ने टिकट दिया था और वे पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48,081 से ज्यादा वोटों से हराकर विधायक बने हैं। शर्मा (56) के पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है।

### आज शपथ लेंगे एमपी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

भोपाल/रायपुर। मोहन यादव बुधवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए विस्तृत व्यवस्थाएं की जा रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह राज्य की राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। वहीं, छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य भी बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## पाक के मिलिट्री बेस पर आतंकी हमला, 24 सैनिकों की मौत

6 आतंकी विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर घुसे

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान मिलिट्री बेस पर फिदायीन हमला हुआ है। इसमें 24 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 34 अन्य घायल हो गए। यह हमला सोमवार देर हुआ। उस समय ज्यादातर सैनिक नींद में थे। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के मुताबिक 11 दिसंबर को देर रात 2:30 बजे आतंकियों ने हमला किया। सेना ने शुरुआत में आतंकियों की मिलिट्री पोस्ट में घुसने की कोशिश को नाकाम कर दिया। इसके बाद आतंकी विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर मिलिट्री पोस्ट में घुस गए। जियो न्यूज के मुताबिक आत्मघाती हमले में मिलिट्री पोस्ट की इमारत ढह गई। पाक सेना ने सभी 6 आतंकियों को मार गिराया है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। सुरक्षाबल आतंकियों की तलाश में जुटे हैं।

**34 सैनिक घायल, 6 आतंकी भी मारे गए**

**डेरा इस्माइल खान मिलिट्री बेस पर वारदात**

### सेना के ऑपरेशन में 21 आतंकी ढेर

पाकिस्तानी सेना के डेरा इस्माइल खान औक कुलाची इलाके के पास चलाए एक ऑपरेशन में 21 आतंकी मारे गए। इसमें 2 सैनिकों की मौत हुई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक मारे गए आतंकी कई हमलों में शामिल थे। उनके ठिकानों से कई हथियार बरामद किए गए हैं।



### नवंबर में हुआ था मियांवाली एयरबेस पर हमला

इससे पहले पाकिस्तान में 4 नवंबर को मियांवाली एयरबेस पर हमला हुआ था। हथियारों से लैस आत्मघाती हमलावर एयरफोर्स के ट्रेनिंग बेस में घुस गए थे। आतंकी सीढ़ी के जरिए दीवार फांदकर एयरबेस में दाखिल हुए थे। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने सभी 9 आतंकियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के दौरान एक फ्यूल टैंकर और 3 एयरक्राफ्ट तबाह हो गए थे।

## खबर संक्षेप



### एचपीएससी सदस्य बनीं डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर

चंडीगढ़। सीएम मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की पत्नी डॉ. सोनिया त्रिखा खुल्लर हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) मेंबर बन गई हैं। मंगलवार दोपहर राजभवन में उन्हें गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके सीएम मनोहर लाल भी मौजूद रहे। डॉ. सोनिया त्रिखा हरियाणा की स्वास्थ्य महानिदेशक थीं। हालांकि हाल ही में उनका स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से विवाद हो गया। जिसके बाद उन्हें हटा दिया गया। ब्यूरो

### देश में 15,000 'नमो ड्रोन दीदी' को मिलेगा प्रशिक्षण

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र में महिलाओं का बेहतर योगदान सुनिश्चित करने और ड्रोन के जरिये खेती को आसान बनाने की सरकार की योजना के तहत पूरे देश में 15,000 'नमो ड्रोन दीदी' को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में दी। भाषा

### बैंक धोखाधड़ी मामलों में 64,920 करोड़ जब्त

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय कहा कि ईडी ने 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों में 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की है और 150 लोगों को गिरफ्तार किया है। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड ने यह जानकारी दी। भाषा

## जमानत किसी को मिली और जेल से छोड़ दिया किसी और को

**अंबाला में गृहमंत्री से मिलने पहुंचे परिवार का दावा**
**●**
**जेल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप**
**●**
**विज ने डीजी जेल को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

अंबाला सेंट्रल जेल प्रशासन द्वारा मिलीभगत कर एक व्यक्ति को जमानत पर छोड़ने के बजाय दूसरे को छोड़ने और व्यक्ति पर फर्जी केस दर्ज करने का आरोप लगे हैं। परिजनों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के सामने न्याय की गुहार लगाई है। गृह मंत्री ने डीजी जेल को पूरे मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विज मंगलवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याएं को सुन रहे थे। गांव बलाणा निवासी महिला व परिवार के सदस्यों ने अम्बाला जेल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा झगड़े के मामले में जेल में था। उसकी जमानत हो गई थी, परिवार सदस्य जब बेटे को लेने जेल पहुंचे तो जेल प्रशासन ने उन्हें बताया कि उनका बेटा जमानत पर घर चला गया है। सप्ताह बाद पता चला कि उनके बेटे को फिर से कोर्ट में पेश किया जा रहा है। कोर्ट में वह गए तो उनके बेटे ने बताया कि उसकी पहले जमानत हो गई थी, मगर जेल प्रशासन ने उसके स्थान पर जेल में बंद एक अन्य व्यक्ति को छोड़ दिया।

## सीबीएसई: 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

नई दिल्ली(भाषा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की तारीख की घोषणा की। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई के मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं दो अप्रैल को समाप्त होंगी। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय बोर्ड ने इस बात का ध्यान रखा है कि दो विषयों के बीच समय का पर्याप्त अंतर हो। बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखा गया है।''

**10वीं की परीक्षा 13 मार्च को खत्म होंगी 12वीं की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक**

*बहन की गला रेतकर की थी हत्या, लॉरेंस गैंग से मांगी थी मदद*

## अंबाला में बहन के हत्यारोपित का गृह मंत्री विज के घर सरेंडर

अंबाला (हरिभूमि न्यूज)। बेरहमी से बहन की चाकू से गला रेतकर हत्या के आरोपित भाई करण उर्फ कालू ने मंगलवार को गृहमंत्री अनिल विज के आवास पर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। अंबाला छावनी के कच्चा बाजार के रहने वाले करण ने हत्या से पहले सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट वायरल की थी। उसने लिखा-मजबूरी में बहन मारनी पड़ रही है। आगे हमारा कोई नहीं, सिर्फ हमारे दुश्मन ही रिश्तेदार हैं। कालू ने बहन के ससुरालियों से बदला लेने के लिए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लोगों से भी मदद मांगी थी। पुलिस के मुताबिक कालू ने तैश में आकर भावना पर चाकू से 30 से ज्यादा वार कर मौत के घाट उतरा दिया। उसने अपनी बहन के प्राइवेट पार्ट समेत पूरे शरीर को चाकू से गोद डाला था।





सोशल मीडिया पर लिखा, मजबूरी में बहन को मारना पड़ा, बेरहमी से बहन पर चाकू से 30 से अधिक वार किए थे

### गृहमंत्री से भी लगाई गुहार

कालू ने बहन की हत्या से पहले फेसबुक पर लिखा कि-हमारी बहन का पति अंकुर जैन है। उसके चाचा की पीएम नरेंद्र मोदी के साथ सीधी बात है। उनका फूफा भाजपा सांसद है। भाई न्यूज चैनल का मैनेजर है। गृहमंत्री अनिल विज से हाथ जोड़कर विनती है मेरे और मेरे परिवार की इस काम के बाद मदद करें व मुझे सुरक्षा प्रदान करें।

### दो साल पहले हुई शादी

परिजनों के मुताबिक, भावना की 2 साल पहले मेरठ के युवक से शादी हुई थी। पति से अनबन के चलते भावना 6 माह से मायके में अंबाला कैंट में रह रही थी, जबकि भावना की बेटी अपने पिता के पास मेरठ में रहती है। अंबाला छावनी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि कर्ण ने पूछताछ में बताया है कि उसने सोशल मीडिया पर नाम चमकाने के लिए गैंगस्टर लॉरेंस का नाम लिया था।

**सुनवाई** केंद्र सरकार ने दिया शीर्ष अदालत में जवाब

*ऐसे लोग देश में चोरी-छिपे प्रवेश करते हैं*

## देश में अवैध प्रवासियों का आंकड़ा जुटाना संभव नहीं

*सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता पर फैसला सुरक्षित*

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे अवैध प्रवासियों संबंधी आंकड़ा जुटना संभव नहीं है, क्योंकि ऐसे लोग देश में चोरी-छिपे प्रवेश करते हैं। शीर्ष अदालत असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर रही है। उच्चतम न्यायालय में दाखिल किए गए हलफनामे में केंद्र ने कहा कि इस प्रावधान के तहत 17,861 लोगों को नागरिकता प्रदान की गई है। न्यायालय द्वारा सात दिसंबर को पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए केंद्र ने कहा कि 1966-1971 की अवधि के संदर्भ में विदेशी न्यायाधिकरण के आदेशों के तहत 32,381 ऐसे लोगों को पता लगाया गया जो विदेशी थे।



### मांगा था आंकड़ा

शीर्ष अदालत ने सात दिसंबर को अपने निर्देश में कहा था कि केंद्र, असम में एक जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच बांग्लादेशी नागरिकों को दी गई भारतीय नागरिकता के संबंध में आंकड़ा उपलब्ध कराए।

**कोर्ट ने यह भी पूछा :** अदालत ने यह भी पूछा था कि 25 मार्च 1971 के बाद भारत में अवैध तरीके से घुसे प्रवासियों की अनुमानित संख्या कितनी है, इस पर केंद्र ने जवाब देते हुए कहा कि अवैध प्रवासी बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के गुप्त तरीके से देश में प्रवेश कर लेते हैं। केंद्र ने कहा, 'अवैध रूप से रह रहे ऐसे विदेशी नागरिकों का पता लगाना, उन्हें हिरासत में लेना और निर्वासित करना एक जटिल प्रक्रिया है।

### असम में सौ विदेशी न्यायाधिकरण काम कर रहे

केंद्र ने कहा कि वर्तमान में असम में 100 विदेशी न्यायाधिकरण काम कर रहे हैं और 31 अक्टूबर 2023 तक 3.34 लाख से अधिक मामले निपटाए जा चुके हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एक दिसंबर 2023 तक विदेशी न्यायाधिकरण के आदेशों से संबद्ध 8,461 मामले गुवाहाटी उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं। सरकार ने असम पुलिस के कामकाज, सीमाओं पर बाड़ लगाने, सीमा पर गश्त और घुसपैठ को रोकने के लिए उठाए गए अन्य कदमों का भी विवरण दिया।

**निशाना** भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर तंज

*कांग्रेस सांसद साहू के घर से अब तक मिले 354 करोड़*

## जब देश में कांग्रेस है तो 'मनी हाइस्ट' कथा की जरूरत किसे

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी के मुद्दे पर मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी एक लोकप्रिय क्राइम सीरिज 'मनी हाइस्ट' का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। मोदी ने लिखा-भारत में 'मनी हाइस्ट' फिक्शन की जरूरत किसे है। कांग्रेस की 70 साल से चल रही चोरी लेजेंडरी रही है और गिनती अब भी जारी है। प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया भाजपा की ओर से 'एक्स' पर एक पोस्ट किए गए उस वीडियो के जवाब में आई है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ साहू की तस्वीरें और झारखंड के सांसद से जुड़े परिसरों पर आयकर छापे के दौरान बरामद नकदी के ढेर दिखाई दे रहे है। वीडियो में राहुल गांधी को नोटों के ढेर पर लेटे दिखाया गया है।



- पीएम ने एक लोकप्रिय क्राइम सीरीज का हवाला दिया
- 70 साल से कांग्रेस चोरी कर रही, अब भी गिनती जारी
- आयकर विभाग की टीम अब भी कर रही पूछताछ

**वीडियो में यह :** भाजपा ने वीडियो के साथ लिखा 'कांग्रेस प्रस्तुत करती है मनी हाइस्ट' जबकि पृष्ठभूमि में क्राइम सीरिज का लोकप्रिय शीर्षक गीत बज रहा है। 'मनी हाइस्ट' एक स्पेनिश ड्रामा सीरिज है जिसकी कहानी के केंद्र में डकैती है। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, 'भारत में 'मनी हाइस्ट' कथा की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस की डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और अभी भी जारी हैं।'

### साहू के ठिकानों पर चल रही छापेमारी

बता दें कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साहू के परिवार के स्वामित्व वाली ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में 354 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है और यह देश में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा एक कार्रवाई में अब तक की सबसे अधिक बरामदगी है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने साहू के घर से मिली करोड़ों की नकदी को लेकर एक पोस्ट की थी।

**खबर संक्षेप**

## नए कार्यों की शुरुआत को लेकर समीक्षा बैठक



**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नए कार्यों की शुरुआत के बारे में समीक्षा बैठक की। परिवहन मंत्री ने बल्लभगढ़ में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में चल रहे गलियों के निर्माण कार्य, पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी एक माह तक पूरे होने चाहिए। ताकि नए साल में आगे के अन्य विकास कार्य को शुरू किया जा सके।

## दो लाख की रिश्वत लेते सुपरवाइजर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की गुरुग्राम टीम द्वारा गेल कंपनी के सुपरवाइजर नरेंद्र को 2,00000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपी सुपरवाइजर नरेंद्र ने भूमि के जिस हिस्से से गैस पाइपलाइन पहले से ही गुजर रही थी वहां से बिजली की लाइन बिछाने की एवज में रिश्वत मांगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रही योजनाओं की जानकारी

**चंडीगढ़।** विधायक दुड़ाराम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से नागरिकों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इसके साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। यात्रा के दौरान पात्र एवं गरीब परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का हर जगह गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया जा रहा है। विधायक दुड़ाराम बीघड़, बनावाली तथा अन्य गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## अवैध खनन को रोकने के लिए 11 जिलों में छापेमारी



**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए हरियाणा राज्य प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) ब्यूरो (एचएसईएनबी) ने 11 और 12 दिसंबर, 2023 की मध्यरात्रि को राज्य के 11 जिलों में लक्षित छापेमारी की। छापेमारी अभियानों के दौरान, 358 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 22 हाइवा/डम्पर, 5 जेसीबी/पोकलेन एक्सकेवेटर और ट्रैक्टर-ट्रॉली/ओवरलोडेड वाहनों सहित 52 वाहनों को जब्त किया गया, जिनका उपयोग अवैध खनन गतिविधियों में किया जा रहा था। विज ने बताया कि हाल ही में गठित राज्य प्रवर्तन ब्यूरो कार्रवाई कर रही।

### प्रदेश में 1211 ग्राम पंचायतों और वार्डों में पहुंच चुकी यात्रा

# संकल्प यात्रा में अब तक 1.50 लाख से ज्यादा लोगों का किया गया हेल्थ चेकअप

## 6 लाख 20 हजार से ज्यादा लोगों ने की भागीदारी

- 12वें दिन 78 हजार से ज्यादा लोगों ने यात्रा में लिया हिस्सा
- एक करोड़ से अधिक लोगों के भागीदार होने का अनुमान
- एक ही छत के नीचे लोगों को नागरिक मिल रही हैं सेवाओं की सुविधाएं
- 30 नवंबर को शुरू हुई थी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से देशभर में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा में अब तक 1211 ग्राम पंचायतों/वार्डों को कवर कर चुकी है, जिसमें 6 लाख 20 हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ने से नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्हें मौके पर योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का भी निदान किया जा रहा है।



**चंडीगढ़।** यमुनानगर के घोड़ो पीपली व हरिपुर में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन देते हुए।



**चंडीगढ़।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे पी दलाल भिवानी के सोहांसडा में संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए।

### 12वें दिन 78 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया

हरियाणा में 30 नवंबर को शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम को 12 दिन हो चूके हैं और लोग केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को अपार समर्थन भी दे रहे हैं। 12वें दिन भी 141 ग्राम पंचायतों/वार्डों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 78 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

### आयुष्मान चिरायु योजना में 26 हजार नए आवेदन मिले

यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति नागरिकों में जागरूकता देखने को मिल रही है। अभी तक आयुष्मान चिरायु योजना 26 हजार से अधिक नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, विभागों द्वारा लगाए गए कैंपों में 1.50 लाख से ज्यादा लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया है। 97 हजार लोगों की टीबी की जांच की गई। इसी प्रकार, निरोगी हरियाणा योजना के तहत भी 90 हजार से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश की कुल जनसंख्या का 2 साल में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य तय किया गया है।

### सेवा कैंपों में 32 हजार लोगों की काउंसलिंग की गई

मनोहर सरकार अंत्योदय दर्शन के अनुरूप समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के लिए अलग से सेवा विभाग बनाया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा लगाए गए कैंपों में 32 हजार लोगों की काउंसलिंग की गई और उन्हें विभिन्न योजनाओं व स्व रोजगार हेतु वित्तीय सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।

### मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 का मामला

## इसी सत्र में बिल लाने की तैयारी, डेड बॉडी को लेकर फिलहाल प्रावधान नहीं

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 विधानसभा शीतकालीन सत्र में लाने की तैयारी कर ली गई है। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले प्राइवेट अस्पताल संचालकों की आपत्ति के बाद सरकार ने इसमें डेड बॉडी अस्पताल संचालकों को भुगतान नहीं होने की स्थिति में भी देनी होगी का प्रावधान अभी नहीं रखा जा रहा है।

सूबे के अस्पताल संचालकों के सक्रिय हो जाने और विरोध को देखते हुए इस विधेयक के अंदर डेड बॉडी को लेकर फिलहाल प्रावधान नहीं किया जा रहा है। अर्थात अस्पताल संचालक डेड बॉडी को लेकर भुगतान का दबाव बना सकते हैं। हालांकि राज्य की मनोहर सरकार इस संबंध में विधेयक के अंदर संशोधन कर इस प्रकार का प्रावधान आने वाले वक्त में डाल सकती है। अर्थात मृत शरीर को निजी अस्पताल संचालक भुगतान नहीं होने की स्थिति में पहले की तरह रोक सकते हैं। इस संशोधन के तहत अब अस्पताल संचालकों को पेमेंट करने के बाद ही डेड बॉडी रिलीज होगी। इससे पहले सूबे के प्राइवेट अस्पताल संचालकों और डॉक्टरों की संस्थाओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज तक अपनी इस आपत्ति को दर्ज कराया था, जिसके बाद फिर से इस पर मंथन शुरू किया था।

### विधायकों-मंत्रियों ने पहुंचाई बात

सूत्रों का कहना है कि निजी अस्पताल संचालक, उनके संगठन और एसोसिएशन की ओर से विधायकों, मंत्रियों के माध्यम से इस बात को सीएम तक पहुंचाया है। मृत शरीर सम्मान बिल पहले से राजस्थान में लागू है। इसका अध्ययन करने को हरियाणा के गृहमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है, उसके बाद भी इस बिल को इसी सत्र में लाने की तैयारी चल रही है।

### अभी एक्ट में ये किए गए हैं प्रावधान

इस विधेयक में मृत शरीर के साथ विरोध प्रदर्शन करने वालों को एक साल तक की कैद और 50 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। विधेयक में सरकार को स्थानीय अथॉरिटीज के द्वारा ऐसे शवों का अंतिम संस्कार करने का अधिकार देने का प्रस्ताव मौजूदा मसौदा विधेयक में पारित किया गया है।

### विज इन वजहों से लगा चुके आपत्ति

हरियाणा में प्रस्तावित विधेयक में अधिकारी विरोध प्रदर्शन कर रहे परिवार के सदस्यों के शव को अपने कब्जे में ले सकता है। इस विधेयक की मंजूरी से पहले अनिल विज ने दो बिंदुओं पर आपत्ति लगाई है। विज का कहना है कि विधेयक में अभी कुछ चीजें पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। उसके लिए गृह विभाग को कहा गया है। साथ ही प्रदर्शनकारियों पर ऐसी कार्रवाई का क्या प्रभाव पड़ेगा ये जानना भी जरूरी है।

### एचपीएससी के पूर्व उप सचिव का मामला

## फर्जीवाड़े के आरोपी को अग्रिम जमानत पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग की डेंटल सर्जन और एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े के आरोपेति पूर्व उप सचिव अनिल नागर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत की मांग की है।हाई कोर्ट ने नागर की याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दायर याचिका में नागर ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसे बार बार पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। नागर ने शक जताया कि पूछताछ के बहाने उसे ईडी गिरफ्तार कर सकती है। दायर याचिका में कोर्ट को बताया गया कि स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने उसके खिलाफ 17 नवम्बर 2021 को मामला दर्ज किया था। ब्यूरो ने 19 नवंबर 2021 को उसे व अन्य दो युवकों को गिरफ्तार किया था। उन सभी पर आरोप लगाए गए कि एचपीएससी द्वारा आयोजित डेंटल सर्जन की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए उम्मीदवारों के अंकों में हेरफेर करने में वे शामिल थे।

> पूछताछ के बहाने ईडी द्वारा गिरफ्तार करने की जताई आशंका

### हाईकोर्ट का एचपीएससी को झटका

## पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स गणित पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने से रोक दिया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवम हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) को पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटी) गणित पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने से रोक दिया है। इसके साथ ही एचपीएससी द्वारा आयोजित पीजीटी (गणित) के 250 पदों पर चयन प्रक्रिया रुक गयी है। हाई कोर्ट ने उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए ये आदेश पारित किए हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिसने सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार से अधिक अंक प्राप्त किए थे, को स्क्रीनिंग टेस्ट में आयोग द्वारा चयनित नहीं किया गया है। आयोग को उन लोगों की विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करनी थी जो स्क्रीनिंग टेस्ट में योग्य थे। हाई कोर्ट ने जारी अपने आदेश में कहा इस बीच, आयोग को 24 जून, 2023 के विज्ञापन संख्या 29/2023 और 44/2023 के अनुसार विषय ज्ञान परीक्षा स्थगित करने का निर्देश दिया जाता है। हाईकोर्ट के जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए ये आदेश पारित किए हैं।

> (पीजीटी) गणित पद के 250 पदों पर चयन प्रक्रिया रुक गई

## अगले वर्ष सड़कों के नव निर्माण पर होंगे 3500 करोड़ खर्च

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री हरियाणा दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में अगले वर्ष सडक्रों के नव निर्माण पर 3700 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भिवानी जिला के गांव सिवानी से सिंघानी और लोहानी-ओबरा- बहल सड़क मार्ग पर 57 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। किसानों को उनकी फसल का पूरा भाव मिल रहा है। प्रदेश सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। सरकार ने किसान की सभी चिंताओं को दूर करने का जिम्मा लिया है। किसानों को किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री श्री चौटाला मंगलवार को भिवानी जिला के गांव कालोद में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

## रक्षामंत्री से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सैनी



### राजनाथ को गीता महोत्सव में आने का दिया न्योता

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद नायब सिंह सैनी का शीर्ष नेतृत्व से लगातार मिलने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सैनी केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने का सिंह को निमंत्रण दिया और विभिन्न विषयों पर बातचीत की। 7 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 9 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, 11 दिसंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मिलने के बाद आज मंगलवार को लोकसभा सत्र के दौरान नायब सैनी केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलने पहुंचे। सैनी ने रक्षामंत्री को पुष्प गुच्छ दिया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। लगभग 20 मिनट से अधिक चली इस दोनों नेताओं की मुलाकात में राजनीति से जुड़े अनेक मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि उन्होंने रक्षामंत्री को कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्व में आने का आग्रह भी किया है।

### आप नेता अनुराग ढांडा का सरकार पर आरोप

## हरियाणा सरकार बड़ी घोषणाएं करने में आगे पर लागू करने में फिसड्डी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



> आठ साल में सरकार ने 93 जन-औषधि केंद्र खोले, 58 बंद भी हो गए

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार बड़ी बड़ी घोषणाएं करने में सबसे आगे हैं, लेकिन उन योजनाओं को लागू करने में बिल्कुल फिसड्डी है। हरियाणा सरकार ने कहा था कि हर सरकारी अस्पताल में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। ताकि हरियाणा के लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सके। लेकिन 8 साल बितने के बाद भी हरियाणा सरकार ने 93 जन-औषधि केन्द्र खोले और उनमें से 58 जन औषधि केंद्र बंद हो चुके हैं। बचे हुए जन-औषधि केंद्र भी ठप पड़े हैं, फ्री दवाइयां तो दूर, दवाइयां ही नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 533 मोहल्ला क्लिनिक खोले हैं, जिनमें सभी तरह के टेस्ट और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। अब तक 2 करोड़ से ज्यादा मरीज इसका फायदा उठा चुके है। वहीं पंजाब में 16000 गांव में इसी तरीके से गांव क्लीनिक है।

### कुमारी सैलजा ने सरकार पर बोला हमला

## खुद को ओबीसी की हितैषी बताने वाली सरकार सबसे बड़ी दुश्मन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



> नॉन क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा बढ़ाए सरकार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सैलजा ने कहा कि खुद को ओबीसी का सबसे बड़ा हितैषी बताने का ढोंग करने वाली भाजपा-जजपा ही ओबीसी की सबसे बड़ी दुश्मन है। इन्होंने ही केंद्र सरकार के 08 लाख के मुकाबले प्रदेश में ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा को 06 लाख रुपये तय किया हुआ है। यह ओबीसी के साथ सबसे बड़ा धोखा है। गठबंधन सरकार को तुरंत प्रभाव से इस लिमिट को बढ़ाकर केंद्र के बराबर करना चाहिए। सैलजा ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में ओबीसी के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया गया, जिसे याद रखा जा सके। इसके विपरीत ओबीसी क्रीमीलेयर की लिमिट घटाकर उनके बच्चों के हक पर डाका डालने का षड्यंत्र रचा गया है। आय सीमा की लिमिट 06 लाख होने से ओबीसी परिवारों के होनहारों के लिए प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिले नहीं हो रहे हैं।

## केयू और रेखी फाउंडेशन के बीच हुआ अहम समझौता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के दूरदर्शी नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रेखी फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा तथा रेखी फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. सतिंदर सिंह रेखी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों व विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए इसकी शुरुआत की है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने इस एमओयू के लिए बधाई दी।

### पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा का सरकार पर तंज

## भाजपा की अंदरूनी कलह जनता की जान पर पड़ रही भारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



> चुनाव से पहले ही भाजपा-जेजेपी ने हार मानकर जिम्मेदारियों से झाड़ा पल्ला

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि भाजपा की अंदरूनी कलह जनता की जान पर भारी पड़ रही है। मुख्यमंत्री और गृह व स्वास्थ्य मंत्री के बीच टकराव के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमराई हुई है। डॉक्टर एक बार फिर हड़ताल पर जाने की बात कर रहे हैं और मरीजों को अस्पतालों में दवाइयां तक उपलब्ध होना मुश्किल हो गया है। पिछले सौ दिन से जारी आपसी खींचतान में बेगुनाह जनता पिस रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का पहले ही दिवालिया पिटा हुआ है। लेकिन गृहमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों आंख बंद करके बैठे हैं। कांग्रेस विधानसभा के भीतर इस मुद्दे को उठेगी और सरकार से जवाब मांगेगी। हुड्डा ने कहा कि अस्पतालों में मरीज तो खरीद केंद्रों पर किसान खाद की बाट जोह रहे हैं। बार-बार मांग किए जाने के बावजूद सरकार उचित मात्रा में खाद की सप्लाई करने में नाकाम साबित हुई है। पहले से ही किसान मौसमी मार के चलते हुए नुकसान का मुआवजा लेने के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं।

**तैयारी** विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

## 15 दिसंबर से शुरू हो रहा शीतकालीन सत्र

# हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र की तैयारी और सुरक्षा पर समीक्षा

- विधायकों का स्टाफ नहीं कर सकेगा अन्दर प्रवेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा के 15 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के मद्देनजर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाई गई। बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों से ब्योरा मांगा। अध्यक्ष ने महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।



बैठक में तय हुआ कि विधायकों के साथ उनका सहायक स्टाफ विधान सभा परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि विधान सभा सत्र की कार्यवाही देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों और पत्रकारों के दल के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर पुख्ता प्रबंध करने की जरूरत है। दर्शकों के लिए हारट्रोन द्वारा कम्प्युटरीकृत फोटो वाले प्रवेश पत्र जारी किए जाते हैं। इसके लिए हारट्रोन को समुचित दिशा निर्देश जारी किए हैं। बैठक के दौरान हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, गृह सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, एसएसपीएस प्रभजोत सिंह, आईजी सुरक्षा सौरभ सिंह, हरियाणा विधान सभा सचिव राजेंद्र कुमार नांदल, पंजाब से एडीजीपी सुरक्षा सुधांशु एस. श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्वर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

### जलपान के लिए अस्थायी कैंटीन बनाने के निर्देश

पुलिस अधिकारियों और विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों को इन सबके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ कि दर्शक दीर्घा का समुचित प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सत्र दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए एक घंटे भर की अवधि के लिए पास जारी किए जाएंगे। विधान भवन के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था व वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के जलपान के लिए अस्थायी कैंटीन बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### चप्पे-चप्पे पर रहेगा कड़ी सुरक्षा का पहरा

बैठक में तय हुआ कि विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इस कमेटी में शामिल अधिकारी व्हट्सअप ग्रुप पर एक दूसरे से जुड़े रहेंगे। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्रावधि के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की जाएगी। किसी भी मामले में कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ पुलिस भी मौके पर मौजूद रहेगी। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि विधान सभा परिसर के बाहर किसी भी प्रकार के रोष प्रदर्शन की अनुमति नहीं रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए पहले से पूरी तैयारी रखें।

## छात्र जीवन के कठिन परिश्रम से सुखद होगा भविष्यः जेपी दलाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



> गुरुग्राम सेक्टर 23 स्थित स्विस कॉटेज स्कूल के वार्षिकोत्सव में बोले कृषि मंत्री

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि मानव जीवन में परिश्रम से बड़ा कोई धन नही है। ऐसे में विद्यार्थी जीवन में जो युवा अपने गुरुजनों और अभिभावकों का सम्मान करते हुए विद्या रूपी धन के लिए निरन्तर मेहनत करेगा आने वाले समय में वह निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेगा। विद्यार्थी जीवन में युवा अपनी प्रतिभा को जितना निखारेंगे आने वाले समय में उनका जीवन उतना ही सुगम होगा। कृषि मंत्री सोमवार देर सायं गुरुग्राम सेक्टर 23 स्थित स्विस कॉटेज स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि वर्तमान में देश की युवा पीढ़ी निरंतर वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देश का नाम रोशन कर रही है। आज दुनिया के जितने भी बहुप्रतिष्ठित संस्थान हैं, उनकी कमान युवा भारतीयों के हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज वैश्विक स्तर पर भारत एक ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। आज जब दुनिया प्रदूषण, खाद्यान्नों की कमी सहित कई स्थानों पर युद्ध जैसे विषयों से जूझ रही है, ऐसे समय में समूचा विश्व हमारी ओर एक उम्मीद की नजर से देख रहा है।

### रात को ठंड दिखाने लगी तेवर, दिन में धूप खिलने से मिल रही राहत

# प्रदेश में ठंडा रहा जिला महेंद्रगढ़ न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री दर्ज

- दिन के समय शुष्क व साफ बना हुआ है मौसम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

जिले में लगातार मौसम शुष्क व साफ बना हुआ है। जिससे रात्रि तापमान में लगातार गिरावट, जबकि दिन के तापमान में केवल आंशिक गिरावट दर्ज हो रही है। मंगलवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में जिले की रात सबसे ज्यादा ठंडी रही।

महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान लुढ़क कर 5.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि नारनौल का रात्रि तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन तापमान क्रमशः 25.0 डिग्री सेल्सियस व 22 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना हुआ है। दिनभर चमकदार व उष्ण धूप खिली रहने से आमजन को ठंड से लगातार राहत मिल रही है। जिससे जिले में मौसम का मर्म रातें ठंडी व दिन गर्म बने हुए हैं। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में लगातार उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि पारा गोते लगा रहा है, जबकि सुबह से शाम तक सूर्य देव की चमकदार धूप खिली रहने से तापमान स्थिर बने हुए हैं। हालांकि दिसंबर महीने का पहला पखवाड़ा समाप्ति पर है, इन दिनों मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कड़ाके वाली ठंड अपने तीखे तेवरों से आगाज करने लगती है, जिससे कोल्ड डे की स्थिति बनने लगती है, लेकिन इस साल मौसम में बड़े बदलाव देखने को मिल रहा है। नवंबर महीने के अंत में बारिश की गतिविधियों की वजह से दिसंबर महीने की शुरूआत में केवल दो-तीन दिनों में कोहरे की सफेद चादर ने अपने आगोश में लिया था, लेकिन उसके बाद लगातार मौसम साफ बना हुआ है। लगातार उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने से सम्पूर्ण इलाके में आर्द्रता में कमी की वजह से सुबह के समय कोहरा व धुंध भी नहीं बन रही है। वहीं कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से केवल उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर हल्की बारिश व बर्फबारी हो रही है, जबकि मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में मौसम साफ व शुष्क बना हुआ है।



#### 18 दिसंबर से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

हालांकि उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो गया है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में आने वाले दो-तीन दिनों के दौरान हल्की बादलवाही देखने को मिलेगी। इसके पीछे एक और नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 17 दिसंबर को सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी देखने को मिलेगी और हरियाणा के उत्तरी हिस्से में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। इसके बाद 18 दिसंबर से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा के पश्चिमी दक्षिणी हिस्सों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी में रात्रि व दिन के तापमान में गिरावट दर्ज होगी। जिससे सम्पूर्ण इलाके में रात्रि तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस से 5.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा।

#### न्यूनतम तापमान

| शहर | तापमान |
|---|---|
| महेंद्रगढ़ | 5.7 |
| हिसार | 5.9 |
| बालसमंद | 6.0 |
| झज्जर | 6.6 |
| फतेहाबाद | 6.9 |
| यमुनानगर | 6.9 |
| मेवात | 7.0 |
| सोनीपत | 7.1 |
| जींद | 7.2 |
| नारनौल | 7.5 |

स्रोत : भारतीय मौसम विभाग।

### गीता जयंती समारोह..



कुरुक्षेत्र। गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में रात्रि में रंग-बिरंगी लाइटों से झिलिमलाता पवित्र ब्रह्मसरोवर।

### महिला पुलिसकर्मी से मारपीट कर फाड़ी वर्दी

- एक महिला के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** प्योदा रोड पर झगड़े की सूचना को लेकर पहुंची पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में एक महिला को नामजद किया है। पुलिस की डायल 112 गाड़ी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीमा ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। उसके साथ महिला कर्मचारी रजनी व चालक योगेश भी थे। शाम करीब छह बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि प्योदा रोड कैथल पर झगड़ा हो रहा है। वह अपने स्टाफ सहित मौके पर पहुंची तो दो पक्षों में आपस में काफी झगड़ा हो रहा था। जब ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को साथ लेकर उन्होंने झगड़ रहे लोगों को समझाने की कोशिश की तो वे लोग आक्रामक हो गए। आरोपियों में से रीना ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और वर्दी फाड़ दी। उसके परिवार के अन्य सदस्य भी उसके साथ लगकर मारपीट करने लगे। लड़ाई झगड़े में उसके कानों की दोनों बालियां मौके पर कहीं गिर गई। कर्मचारियों ने उसे उन लोगों से छुड़ाया।

## लोन के युवक की लीबिया में हत्या, एजेंट पर लगे आरोप

- परिजन एसपी से मिले, एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- इटली भेजने का दिया झांसा सालभर फंसा रहा लीबिया में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

डोंकी की मार्फत लीबिया में फंसे गांव लोन के युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार डोकर पांच हजार डालर की मांग कर रहे थे। राशि देने से मना किया तो टार्चर कर हत्या कर दी गई। मृतक युवक का अंतिम संस्कार भी लीबिया में कर दिया है। परिजन मंगलवार को एसपी से मिले और एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



मृतक विकास का फाइल चित्र

गांव लोन निवासी दीपक ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई विकास गत 23 दिसंबर 2022 को विदेश भेजने वाले एजेंट चीका निवासी संदीप, कैथल निवासी देवेंद्र, गांव बिधराण निवासी धोला तथा उसके जीजा नरेश की मार्फत इटली के लिए निकला था। आरोपितों ने उसके भाई को धोखाधड़ी कर लीबिया भेज दिया। जिसकी 11 दिसंबर को लीबिया में डोकरों ने राशि न देने पर हत्या कर दी। घटना का उस समय पता चला जब लीबिया में फंसे सहारनपुर यूपी निवासी हरीसिंह, कुनाल राणा तथा गांव अदाना निवासी गुरी ने पाकिस्तानी युवक का फोन लेकर चोरी छुपे उन्हें बताया। साथ ही शव को दफनाने की बात कही। दीपक ने बताया कि आरोपित एजेंटों ने उसके भाई को माफिया को बेच दिया था। उनसे पांच हजार डालर की मांग की जा रही थी। वे अपनी एक एकड़ जमीन को बेच कर 25 लाख रुपये आरोपितों को दे चुके थे। बावजूद इसके उसके भाई विकास की हत्या कर दी गई। एसपी सुमित कुमार ने बताया कि आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। दोषियों को किसी भी सूरत में नही बख्शा जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### जहरीले पदार्थ के सेवन से व्यक्ति की मौत

**हिसार।** मलिक चौक के पास दवाई की जगह भूलवश जहरीला पदार्थ निगलने से 38 वर्षीय व्यक्ति एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि मलिक चौक के पास संजय अपने परिवार के साथ रहता था और वह एक निजी अस्पताल में काम करता था। उसने गलती से दवाई की जगह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

#### हमले का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**हिसार।** दुकानदार पर लूट के इरादे से सुए से हमला करने में मामले में अदालत ने हांसी के चारकुतुब गेट के अशोक उर्फ बिल्ला को दोषी करार दिया है। दोषी को बुधवार को सजा सुनाई जाएगी। हांसी की गोल कोठी निवासी अशोक ने बताया कि वह 24 सितंबर को दुकान पर बैठा था। इसी दौरान आरोपी अशोक ऊर्फ बिल्ला उसके पास आया और रुपये मांगे। मैंने उसे रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने हमला कर दिया। आरोपी को दबोच लिया था।

#### सोलर पैनल लगाने का झांसा देकर 67 लाख ठगे

**हांसी।** शहर के एक निजी अस्पताल संचालक को टाटा कंपनी के सोलर पैनल प्लेट तथा सोलर आन ग्रिड सिस्टम लगाने का झांसा देकर 67 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डॉ. एसएस मलिक ने कहा है कि आरोपी सुरेश, सुशील शर्मा व निशा शर्मा मेरे अस्पताल में आए। और खुद को बेस्ट हरियाणा सोलर एनर्जी का मालिक बताया। 67 लाख 20 हजार रुपये लेकर सोलर पैनल लगा गए। बिजली बिल में कमी नहीं आई । शक होने पर लोकल एक्सपर्ट से सोलर सिस्टम चैक करवाया। बताया कि यह सोलर सिस्टम नकली लगा है।

## जींद : युवक की हत्या के आरोप में पांच को उम्रकैद

- पांचों दोषियों को 17 से 23 हजार तक जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसबीर सिंह संधु की अदालत ने सात साल पहले एक युवक की गोली मारकर हत्या करने तथा दूसरे पर जानलेवा हमला करने के जुर्म में पांच दोषियों को आजीवन कारावास तथा एक दोषी को 23 हजार तथा चार दोषियों को 18-18 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी फिरोजखान ने बताया था कि व श्याम मोहल्ले के ही रजत के साथ मीट मार्केट में गया हुआ था। उसी दौरान कार तथा बाइक सवार युवकों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी। जिसमें एक गोली रजत को जबकि तीन गोलियां फिरोजखान को जा लगी। दोनों घायलों को पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां पर देर रात रजत ने दम तोड़ दिया।

लगभग छह माह पूर्व कुछ युवकों से उनका झगड़ा हो गया था। उसी रंजिश के चलते उन्हीं युवकों ने उन पर फायरिंग की। पुलिस ने रामराये गेट निवासी विक्रम, गांव खोखरी निवासी अनिल उर्फ लीला, गांव पडाना निवासी सोमबीर, गांव अमरहेड़ी निवासी बिजेंद्र तथा नरेला दिल्ली निवासी साहिल उर्फ विपुल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

#### सामूहिक दुष्कर्म में दो को उम्रकैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के जुर्म में दो दोषियों को आजीवन कारावास तथा 30,500-30,500 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषियों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उचाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने 15 अक्टूबर 2022 को पुलिस में बताया था कि रात उनके परिवार में कार्यक्रम था। जिसके चलते देर रात को उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। उसी दौरान गांव के ही आशीष तथा मोहित ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया और स्कूल में ले गए। जहां पर दोनों ने उसे कमरे में बंधक बना उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब युवती दोनों की चंगुल से निकल कर सुबह घर लौटी और घटना के बारे में अवगत करवाया।

## खनन सामग्री से भरे डंपर ने तीन युवकों को कुचला, दो ने तोड़ा दम

- दो घंटे तक एम्बुलेंस न पहुंचने पर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

खनन सामग्री से भरे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे की नाजुक हालत बनी हुई है। उसे इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। हादसा सोमवार देर शाम शहजादपुर थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले के गांव सादिकपुर के नजदीक हुआ। मृतकों की शिनाख्त गांव सादिकपुर के मांगा राम और विशाल के रूप में हुई है। उनका साथी रजनीश गंभीर रूप से जख्मी है। हादसे के बाद सूचना मिलने पर भी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। इसी वजह से ग्रामीणों ने हड़बोन-शहजादपुर मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि हादसे के 2 घंटे बाद तक भी न कोई एंबुलेंस पहुंची और न ही पुलिस की गाड़ी आई। ग्रामीण देर रात 12 बजे तक एसपी को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी नारायणगढ़ ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। इसके बाद जल्द आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। देर रात को पुख्ता आश्वासन मिलने के बाद ही ग्रामीण जाम खोलने को राजी हुए।

इससे पहले शहजादपुर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को समझाया लेकिन ग्रामीण एसपी जश्नदीप सिंह को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे थे। मौके पर किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा भी पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी थी कि जब तक पुलिस डंपर चालक को पकड़ नहीं लेती, तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। हालांकि डीएसपी ने ग्रामीणों को समझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल भेजा। मंगलवार को दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले किए गए। पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम को करीब आठ बजे मांगा राम, विशाल और रजनीश शहजादपुर से मजदूरी करके बाइक पर वापस घर लौट रहे थे। सादिकपुर के नजदीक पहुंचे तो हड़बौन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गए। मांगा राम व विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।



अंबाला। देर रात जाम के दौरान सड़क पर पड़े शव के साथ डटे ग्रामीण।

### गुरुग्राम से चंडीगढ़ 'वंदे भारत' ट्रेन का शेड्यूल जारी

# हजारों यात्रियों का सफर होगा सुहाना

- रेलवे सलाहकार समिति सदस्य गोयल ने जताया मोदी का आभार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरुग्राम**

रेलवे मंत्रालय ने वंदे भारत रेल सेवा के संचालन का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। शेड्यूल के अनुसार वंदे भारत ट्रेन नंबर-20977 सुबह 06:20 बजे अजमेर से रवाना होगी। जो जयपुर, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट होते हुए 14:45 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। चंडीगढ़ से वापसी में यह ट्रेन रात 23:55 बजे रवाना होकर सुबह 18:33 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। दिल्ली कैंट से 18:40 बजे रवाना होकर 15:15 बजे अजमेर पहुंचेगी। रेलवे सलाहकार समिति के दूसरी बार सदस्य बने डा. डीपी गोयल ने बताया कि उनके प्रयासों से गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक वंदे भारत रेल सेवा पर मुहर लगने के बाद अब इसके संचालन का शेडयूल भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर द्वारा उन्हें ऐसी रेल सेवा के लिए प्रयास करने को प्रेरित किया गया। उन्होंने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि चंडीगढ़ के लिए यहां के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे यहां के हजारों यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। रेलवे ने घोषणा की थी कि अजमेर से दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन का विस्तार चंडीगढ़ तक कर दिया जाए।



गुरुग्राम। चंडीगढ़ तक वंदे भारत का शेड्यूल जारी होने पर डा. डीपी गोयल को मिठाई खिलाते डा. अशोक दिवाकर।



